भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 990
गुरुवार, 08 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन से उड़ानें

990. श्री जसबीर सिंह गिल:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन विमान कंपनियों का ब्यौरा और संख्या क्या है जिन्होंने अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के लिए अनुमति मांगी है या संचालन शुरू करने में रुचि दिखाई है; और

(ख) उज्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान की विमान कंपनियों को उक्त विमान पत्तन से अपनी उड़ानें शुरू करने/फिर से शुरू करने की अनुमति देने संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) और (ख)**:** एयरलाइनों का अंतर्राष्ट्रीय परिचालन, भारत और संबंधित देश के बीच द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते (एएसए) द्वारा शासित होता है। एएसए के अनुसार, भारतीय नामित वाहक पारस्परिक रूप से सहमत क्षमता सीमाओं के अनुसार अमृतसर सहित किसी भी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से/के लिए विदेशी गंतव्यों तक परिचालन शुरू करने के लिए स्वतंत्र हैं, जबकि कोई भी नामित विदेशी एयरलाइन भारत में किसी बिंदु से/के लिए परिचालन कर सकती है, यदि इसे एएसए में पॉइन्ट ऑफ कॉल के रूप में नामित किया गया है। भारत में किसी भी स्थान से सीधी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करना यात्री मांग, स्लॉट की उपलब्धता, मार्ग की आर्थिक व्यवहार्यता और अन्य संबंधित कारकों के आधार पर अनुसूचित एयरलाइनों का पूर्ण रूप से एक वाणिज्यिक निर्णय है।

वर्तमान में, शीतकालीन अनुसूची 2023-24 के अनुसार, भारतीय वाहक अर्थात इंडिगो और स्पाइसजेट अमृतसर से क्रमशः शारजाह और दुबई के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानें परिचालित कर रहे हैं। दूसरी ओर, विदेशी वाहक अर्थात एयर एशिया एक्स बरहाद, मलेशिया एयरलाइंस, मालिंडो एयर, नियोस एस.पी.ए., कतर एयरवेज, स्कूट पीटीई लिमिटेड अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रति सप्ताह 29 सेवाएं परिचालित कर रहे हैं।

तुर्कमेनिस्तान और उज़्बेकिस्तान के नामित वाहकों के लिए अमृतसर पॉइन्ट ऑफ कॉल के रूप में उपलब्ध है। हालाँकि, सरकार एयरलाइनों की परिचालन योजनाओं में हस्तक्षेप नहीं करती है और एयरलाइनें द्विपक्षीय समझौतों के दायरे में अपनी इच्छा से किसी भी बाजार और नेटवर्क में सेवा प्रदान करने और प्रचालन करने के लिए स्वतंत्र हैं। एयरलाइनें यातायात की मांग और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर विशिष्ट स्थानों के लिए हवाई सेवाएं प्रदान करती हैं।

******